ओआईएच

भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2455

दिनांक 06 अगस्त, 2024

उत्तर प्रदेश में कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्थापना

2455. डॉ. राजकुमार सांगवान:

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में देश में विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य में कितने कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) कार्य कर रहे हैं;
(ख) क्या सरकार को उत्तर प्रदेश में नए कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्थापना के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
(श्री भागीरथ चौधरी)

(क): वर्तमान में देशभर में कुल 731 कृषि विज्ञान केन्द्र (KVK) कार्य कर रहे हैं जिनमें से 89 कृषि विज्ञान केन्द्र उत्तर प्रदेश में कार्य कर रहे हैं।

<u>(ख) से (घ) :</u> ''अनुसंधान, शिक्षा एवं विस्तार'' पर अपनी रिपोर्ट में राष्ट्रीय कृषि आयोग (1976) ने प्रत्येक जिले में एक कृषि विज्ञान केन्द्र की सिफारिश की थी। निर्धारित कार्यविधि एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार नवसृजित जिलों में नए कृषि विज्ञान केन्द्रों को खोलना एक सतत प्रक्रिया है।

******